




# महेंद्र भूतडा का रक्तदान अभियान में अतुलनीय योगदान

## 225वीं बार रक्तदान कर कीर्तिमान स्थापित करने वाले रक्तदान समिति अध्यक्ष का किया अभिनंदन

### विधायक सुलभा खोड़के का प्रतिपादन

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर -** अमरावती रक्तदान समिति के अध्यक्ष महेंद्र भुतडा ने अपने जीवन में हमेश ही जनसेवा के कार्य की सराहना की है. केवल जिले में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य में हमेशा ही रक्त की कमी महसूस होती थी, लेकिन अब जिले में रक्तदान समिति की स्थापना कर उन्होंने रक्त की कमी को दूर किया है. हर मरीज के खून के अभाव में प्राण नहीं जाते, बल्कि प्राण बच जाते हैं. महेंद्र भुतडा ने अपने जन्मदिन प्रित्यर्थ 225वीं बार रक्तदान करने का विक्रम स्थापित कर समाज के सामने एक आदर्श स्थापित किया है. जिले में रक्तदान का अभियान तेजी से आगे बढ़ाने का श्रेय केवल और केवल महेंद्र भूतडा व उनके रक्तदान समिति को जाता है, इन शब्दों में विधायक सुलभा खोड़के ने महेंद्र भूतडा के प्रति गौरवोद्गार व्यक्त किए. रविवार को नागपुर मार्ग पर स्थित डॉ. पंजाबराव देशमुख मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल परिसर के रक्त केंद्र में रक्तदान समिति के अध्यक्ष महेंद्र




भूतडा का जन्मदिन मनाया गया. इस अवसर पर वे बोल रही थीं. कार्यक्रम में राकांपा के संजय खोड़के, पीडीएमएमसी डीन डॉ. ए. टी. देशमुख, रक्तदान समिति पदाधिकारी अजय दातेराव, सिमेशभाई श्रॉफ, किसनगोपाल सादानी, राजेश पांडे, उमेश पाटणकर, श्याम शर्मा, निशाद जोध, राकेश ठाकुर, शैलेश चौरसिया, हरी पुरवार, सुनील अग्रवाल के साथ रक्तपेढी के डॉक्टर व टीम, सहयोगी, रक्तदाता प्रमुखता से उपस्थित थे. शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व महेंद्र भुतडा का रविवार को जन्मदिन रहा. इस निमित्त पीडीएमसी में रक्तदान कर उन्होंने 225वीं बार रक्तदान करने का विक्रम स्थापित किया. इस समय विधायक सुलभा खोड़के व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खोड़के तथा मान्यवरों द्वारा महेंद्र भुतडा का शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ व मानपत्र देकर सत्कार किया. विधायक सुलभा खोड़के ने कहा कि, आज के दौर में हर व्यक्ति अपना घर परिवार, नौकरी, व्यवसाय, अन्य काम में व्यस्त हो गया है. उनका जीवन यहां तक ही सीमित रहता है. लेकिन समाज के प्रति दायित्व निभाने व इन्सानियत का फर्ज निभाने की कोशिश चुनिंदा लोग ही करते हैं. इसी भावना के साथ महेंद्र भुतडा ने खुद के बारे में सोचने की बजाय लोगों का विचार कर जनसेवा का व्रत लिया. रक्तदान अभियान के माध्यम से सामाजिक कर्ज को चुकाने की कोशिश की. उनकी जीवन यात्रा सभी ने लिये प्रेरणादायी होगी, उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं. राकांपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खोड़के ने भी महेंद्र भुतडा के सामाजिक कार्य पर प्रकाश डालकर अभिष्टचिंतन किया. उन्होंने कहा कि, महेंद्र भूतडा को विरासत में सामाजिक सेवा करने का कर्तव्य प्राप्त हुआ है. रक्तदान के कार्य में खुद को झोंक कर उन्होंने खुद भी 225 बार रक्तदान किया. यह सामाजिक परोपकार की भावना का प्रतीक है. स्वभाव, गुण, संस्कार, सौहार्द्रता व संस्कृति का जतन कर वे रक्तदान के कार्य को आगे बढ़ाते रहें, ऐसी शुभकामनाएं दीं.

कार्यक्रम के अंत में महेंद्र भुतडा ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर पीडीएमसी की टीम द्वारा उनका सपत्निक सत्कार किया गया. कार्यक्रम में पीडीएमएमसी के डॉ. श्रेया कुलवाल, विजय दशस्त्र, प्राजक्ता गुल्हाने, हरीश खान, संजय दहिकर, परशुराम पवार, नीलेश चौखंडे, प्रतीक नेवारे, सूरज नागपुरे, सूरज नेवारे, रक्तदान समिति की ओर से प्रा. संजय कुलकर्णी, रितेश व्यास, संदीप खेड़कर, राजेश पांडे, पिंटू शर्मा, हितेश केडिया, योगेंद्र मोहोड़, मोहन लड्ढा, प्रदीप मोहता के साथ अन्य मान्यवरों में कलंत्री, संजय टावरी, गिरीश लड्ढा, नरेश डागा, सुशील सारडा, शांतिकुमार सारडा, संजय धूत, रोशन साबू, सीए दामोदर खंडेलवाल, गोपालदास राठी, श्याम भैया, राजेन्द्र सोमानी, नवरतन सोमाणी, राजेश डागा, कमलेश डागा, प्रीति डागा, लक्ष्मीकांत खंडेलवाल, ध्रुव डागा, आदित्य डागा, लक्ष्मीकांत सोमानी, दीपक डाबी, सुरेश लड्ढा, दयाशंकर केशरवानी, हरीश संतोषिया, प्रकाश शिरभाते, शिल्पी डागा, लक्ष्मीकांत लड्ढा, अरविंद बांबल, चंदू सोजतिया, सुशील सारडा, मनोहर मालपानी, श्याम भैय्या, विनोद जोशी, यश खोड़के, डॉ. संतोष सदार, सूर्यकांत बंड, मुरली पारेख, सतीश नावंदर, प्रकाश केला, सौरभ मोहता, प्रकाश केला, सतीश नावंदर, भुतडा परिवार से सरला भुतडा, हर्ष भुतडा, श्रृति भुतडा, मनोहर भुतडा, सुचिता भुतडा, उषा मोहता, यश भुतडा, आयुष भुतडा, हिना भुतडा (लोहिया) समेत अन्य उपस्थित थे.



# पूर्व सांसद नवनीत राणा ने लिया मोहन भागवत का आशीर्वाद

## महानुभाव आश्रम के शतकपूर्ति समारोह में हुईं शामिल

### पपू. कारंजेकर मोहनदादा बाबा ने किया सत्कार



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर -** कोंडेश्वर भानखेड़ा मार्ग पर स्थित महानुभाव आश्रम को 100 वर्ष पूर्ण होने पर शतकपूर्ति समारोह का आयोजन किया गया. इस भव्य दिव्य महोत्सव के अंतिम दिन रविवार, 22 दिसंबर को कार्यक्रम में सरसंघचालक मोहन भागवत का आगमन हुआ. इस अवसर पर कार्यक्रम उपस्थित दर्ज कर नवनीत राणा ने सरसंघचालक मोहन भागवत का स्वागत कर आशीर्वाद लिया. इस दौरान महानुभाव आश्रम के पपू कारंजेकर मोहनदादा बाबा ने उनका सत्कार किया.

कोंडेश्वर-भानखेडा रोड स्थित महानुभाव आश्रम के शतकपूर्ति समारोह में सरसंघचालक मोहन भागवत और पूर्व सांसद नवनीत राणा ने विशेष उपस्थिति दर्शाई और संपूर्ण भारत से आये संत-महंतों का आशीर्वाद लिया. इस समारोह में पपू उपाध्य कृष्णाचार्य श्री वर्धनस्त बिडकर बाबा, कविश्वर कुलाचार्य श्री खामणीकर बाबा, पपू कविश्वर कुलाचार्य श्री दर्यापुरकर बाबा, पपू कविश्वर कुलाचार्य श्री विदवांस बाबा, पपू कविश्वर कुलाचार्य श्री लोणारकर बाबा, पपू कविश्वर कुलाचार्य श्री साळकर बाबा, श्री रिद्धपुरकर बाबा, श्री यक्षदेवबाबा शास्त्री, श्री पैठणकर बाबा, श्री गुंफेकर बाबा, श्री कोठी बाबा, श्री अमृते बाबा, श्री जामोदेकर बाबा, श्री मेहेकर कर बाबा, श्री लासुरकर बाबा आदि उपस्थित थे.

# शिरजगांव बंड में जयंती उत्सव व स्नेह सम्मेलन आज से



**अमरावती, 22 दिसंबर -** श्री शिवाजी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शाला, शिरजगांव बंड में शिक्षा महर्षि डॉ. पंजाबराव उर्फ भाऊसाहब देशमुख का 126वां जयंती उत्सव व स्नेह सम्मेलन का आयोजन 23 दिसंबर से किया गया है. कार्यक्रम का उद्घाटन 24 दिसंबर को एड. जयवंतराव पाटिल पुसदेकर, उपाध्यक्ष श्री शिवाजी शिक्षा संस्था अमरावती के हाथों होगा. कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रा. सुभाष बनसोड, प्रमुख अतिथि शिरजगांव बंड की सरपंच नंदा वाकोडे, राजाभाऊ देशमुख तळवेलकर, डॉ. नरेंद्र देशमुख, चांदूर बाजार परिसर के आजीवन सदस्य व शाला समिति के सदस्य, विशेष निमंत्रित सदस्य उपस्थित रहेंगे. प्रमुख वक्ता प्रा. किशोर देशमुख बेलमंडळीकर मार्गदर्शन करेंगे. आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभातफेरी, पुष्पांजलि, वक्तृत्व स्पर्धा, आनंद मेला व पुरस्कार वितरण समारोह होगा.

# ‘शिवाजी’ में तीन दिवसीय व्याख्यानमाला आज से

### डॉ. पंजाबराव देशमुख की जयंती पर आयोजन

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर -** स्थानीय श्री शिवाजी शिक्षा संस्था की ओर से शिक्षा महर्षि डॉ. पंजाबराव उर्फ भाऊसाहब देशमुख की 126वीं जयंती के उपलक्ष्य में 23 से 25 दिसंबर तक तीन दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है. सोमवार, 23 दिसंबर को मातोश्री विमलाबाई देशमुख सभागृह में शाम 6 बजे ‘डॉ. पंजाबराव देशमुख : नेतृत्व व विचार’ विषय पर व्याख्यानमाला का पहला पुष्प वरिष्ठ राजकीय विश्लेषक डॉ. प्रकाश पवार, कोल्हापुर पिरोएंगे.डॉ. पंजाबराव देशमुख स्मृति व्याख्यानमाला का यह 24वां वर्ष है. 23 दिसंबर को डॉ. प्रकाश पवार का व्याख्यान संगाबा अमरावती विवि के डॉ. पंजाबराव देशमुख प्रादेशिक अर्थव्यवस्था नियमन केंद्र और संस्था की ओर से संयुक्त तौर पर आयोजित किया गया है. श्री शिवाजी शिक्षा संस्था के अध्यक्ष हर्षवर्धन देशमुख की अध्यक्षता में आयोजित इस व्याख्यान में मुख्य अतिथि के तौर पर संगाबा अमरावती विवि के अंतरविद्या शाखा के अधिष्ठाता उपस्थित रहेंगे. व्याख्यानमाला समिति के अध्यक्ष तथा संस्था के उपाध्यक्ष



एड. जे.वी. पाटिल पुसदेकर प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे. डॉ. पंजाबराव देशमुख स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजक श्री शिवाजी आर्ट्स व कॉमर्स कॉलेज अमरावती है.24 दिसंबर को ‘उच्चशिक्षा : वर्तमान स्थिति और चुनौती’ विषय पर नांदेड़ के डॉ. डी.एन. मोरे का व्याख्यान होगा. 25 दिसंबर को सुप्रसिद्ध साहित्यकार कोल्हापुर के डॉ. राजन गवस ‘डॉ. पंजाबराव देशमुख के कृषि विचार व कृषि क्रांति’ विषय पर तीसरा व अंतिम पुष्प पिरोएंगे. अमरावती की जनता से इस व्याख्यानमाला में उपस्थित रहने का आवाहन संस्था सचिव डॉ. वी.जी. ठाकरे, प्राचार्य डॉ. अंबादास कुलट ने किया है.

# जनता का समर्थन ही मेरे काम करने की ऊर्जा



### अमरावती की विधायक सुलभा खोडके का प्रतिपादन

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती , 22 दिसंबर-** पिछले पांच वर्षों में अमरावती के समग्र विकास के लिए काम करते हुए, हमने बुनियादी विकास और मानव विकास को जोड़कर शहर के सतत विकास को मजबूत करने का प्रयास किया है, इसीलिए शहर में विकास के दौर को सभी ने महसूस किया है, इसलिए जनता ने मुझे पर विश्वास दिखाकर मुझे दोबारा काम करने का मौका दिया, ऐसी बात अमरावती की विधायक सुलभा खोडके ने कही. नागपुर में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के समापन के बाद जब अमरावती की विधायक सुलभा खोडके अपने घर पहुंची तो उनके शुभचिंतकों ने उनका सत्कार किया है. अपने सत्कार का उत्तर देते हुए विधायक खोडके ने उक्त बात कही.

विधायक के आवास पर उनका विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाज के शिष्टमंडलों के साथ-साथ प्रभाग के महिलाओं ,पुरुषों, युवको-युवतियों तथा स्नेही जनों से सुलभा खोडके का अभिनंदन करते हुए स्वागत तथा सत्कार किया.इस मौके पर विधायक खोडके ने कहा कि हमने सुसज्जित सड़कें, बुनियादी ढांचा, चौक सौंदर्यीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल विकास, जलापूर्ति जैसे कई काम किए हैं. अब तक अमरावती में विकास का रथ दौड़ रहा है. खोडके ने लोगों को विश्वास दिलाया कि वे सभी के सामूहिक प्रयासों से अमरावती के विकास को नई दिशा और गति देने का प्रयास करती रहेंगी.

खोडके ने कहा कि हमें अपने प्रत्येक कार्य में सभी मित्रों का बहुमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ है. उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और आशीर्वाद के बल पर हमने चुनाव का सामना किया. जन आशीर्वाद और प्रचार में जनता का अभूतपूर्व सहयोग मिला, सभी ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से मतदान कर हमारी जीत में योगदान दिया है.उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन ही हमारे काम की ऊर्जा है. इस दौरान विधायक ने आभार जताया कि हमें काम करने के लिए हमेशा प्रेरणा मिलती है.खोडके का सत्कार करने वालों में अभिनंदन बैंक शाखा समिति, पेंढारी मित्र परिवार, वृक्ष संरक्षण फाउंडेशन अमरावती, सर्वज्ञ फाउंडेशन, स्नातक अंशकालिक कर्मचारी संघ, अमरावती जिला परिषद शिक्षक बैंक निदेशक मंडल, महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ अमरावती, संत नामदेव महाराज साहित्य परिषद अमरावती, मानवता बहुउद्देश्यीय सोसाइटी, महारुद्र सामाजिक बहुउद्देश्यीय संगठन (माली समाज) अमरावती, रहटगांव क्षेत्रवासी, तपोवन, हनुमान नगर, वडाली, विद्युत नगर, इंजीनियर कॉलोनी, आईटीआई कॉलोनी, वेंकटेश कॉलोनी में रहने वाले लोगों का समावेश था.

# ‘जनसेवक’ ने निभाया ‘मेरा प्रभाग मेरी जिम्मेदारी’ का कर्तव्य



### प्रभाग 18 में संघ प्रमुख मोहन भागवत का आगमन

**अमरावती,** स्थानीय प्रभाग क्र. 18 राजापेठ अंतर्गत शिवकृपा कालोनी में उमक के निवासस्थान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवकसंघ के प्रमुख मोहन भागवत का आगमन कार्यक्रम निश्चित होने से विधायक रवि राणा ने प्रभाग क्र. 18 के जनसेवक महेश मूलचंदानी से उस क्षेत्र का जायजा लिया. जनसेवक महेश मूलचंदानी ने विधायक रवि राणा को जानकारी देकर कुछ समस्याएं बताईं. जिस पर विधायक राणा ने अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने को कहा.



यहां उमक के निवासस्थान से दांदे के निवासस्थान तक सीमेंट कांक्रीट रोड का कुछ काम रुका हुआ था, जिसे तेज गति से पूर्ण किया गया. साफसफाई, बिजली व्यवस्था व अन्य समस्याओं का भी समाधान किया गया.

प्रभाग में संघप्रमुख मोहन भागवत जैसी बड़ी हस्ती का अगर आगमन होता है, तो हमारा भी फर्ज है कि हम अपनी जिम्मेदारी निभाएं. विधायक रवि राणा के मार्गदर्शन में ‘मेरा प्रभाग मेरी जिम्मेदारी’ का हमने कर्तव्य निभाया.
जनसेवक महेश मूलचंदानी, प्रभाग क्र.18, राजापेठ

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना

# 7695 किसानों का अनुदान केवाईसी के कारण रुका

- 2656 अन्नदाताओं ने दोबारा भरा आवेदन
- 19 वीं किश्त फरवरी में मिलेगी

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 दिसंबर-** प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत किसानों को हर वर्ष हजार रूपए अनुदान के रूप में दिए जाते हैं. इस योजना के तहत अब तक किसानों को 18 किश्त दी जा चुकी है, लेकिन अमरावती जिले के 7695 किसानों की अनुदान राशि केवाईसी न होने के कारण अभी तक नहीं मिल पाई है. इसके अलावा 2656 किसानों ने फिर से अवेदन भरे हैं, उनको भी अनुदान राशि की प्रतीक्षा करनी पड़ रही है. इस योजना के पात्र किसानों को 19 वीं किश्त फरवरी माह में मिलने की उम्मीद है. प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना केंद्र सरकार की ओर से किसानों को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए




शुरू की गई थी. इस योजना के पात्र किसानों को हर वर्ष 6 हजार रूपए सरकार की ओर से अनुदान के तौर पर दिए जाते हैं.इस योजना में राज्य सरकार की ओर से 6 हजार रुपए दिए जा रहे हैं, इस तरह अब इस योजना के पात्र किसानों को हर वर्ष 12 हजार रूपए दिए जा रहे हैं. जिले में 2 लाख, 87 हजार, 513 किसानों को इस योजना के तहत पात्र पाया गया है, जिनमें से अब तक 2 लाख, 73 हजार, 200 किसानों का केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर उनके एकाउंट में अनुदान राशि जमा करा दी गई है, लेकिन अभी-भी 7635 किसानों की केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है.

**तहसील स्तर पर पात्र लाभार्थी**

| तहसील | किसान |
|---|---|
| अचलपुर | 22554 |
| अमरावती | 16218 |
| अंजनगांव सुर्जी | 19308 |
| भातकुली | 16096 |
| चांदूर रेलवे | 13898 |
| चांदूर बाजार | 26466 |
| चिखलदरा | 10551 |
| दयार्पुर | 24136 |
| धामणगांव रेलवे | 17902 |
| धारणी | 16541 |
| मोर्शी | 25073 |
| नांदगांव खंडेश्वर | 22730 |
| तिवसा | 15194 |
| वरुड | 26533 |

# एडिफाय स्कूल में एडी स्पोर्ट्स मीट

## खेल भावना के उत्सव का आयोजन




**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती ,22 दिसंबर-** अमरावती के प्रतिष्ठित एडिफाय स्कूल में रविवार को एडिस्पोर्ट मीट का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्तियों और शिक्षाविदों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई. कार्यक्रम में देवी एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल हबलानी, नम्रता हबलानी, उपजिलाधिकारी अनिल भटकर, डीसीपी गणेश शिंदे मुख्य रूप से उपस्थित थे. अतिथियों के अलावा जीएस टोम्पे कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. राजेंद्र रामटेके, अजय शिंगारे, स्कूल के संचालक रवि इंगले, शिवराम कृष्णा, संस्था संचालक निर्देशक प्राधानाचार्य डॉ . जैकब दास भी विशेष रूप से उपस्थित थे. पल्लवी शिरभाते और नीरज गावंडे के मार्गदर्शन में गाए गए स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया. भारत सर के मार्गदर्शन में कक्षा 6 से लेकर 8 तक की 60 छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किय. इस नृत्य को दर्शकों की ओर से बहुत सराहा गया. खेल प्रमुख आनंद उइके सर के मार्गदर्शन में परेड का आयोजन किया गया. परेड के दौरान अतिथियों को सलामी दी गई. इस वर्ष के स्पोर्ट मीट में विभिन्न आयु वर्ग के छात्रों के लिए कई रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. 25 और 50 मीटर दौड़, रैबिट प्रतियोगिता, कलेक्टिव थिंग प्रतियोगिता, बैलेंस बांबू प्रतियोगिता, नींबू-चम्मच प्रतियोगिता, 100 और 200 मीटर दौड़, तीन पैरों की दौड़, जिग जाग दौड़ और टनल बॉल कलेक्टिंग कोन प्रतियोगिता जैसी प्रतियोगिताओं ने सभी को रोमांचित कर दिया. इसके अलावा, अभिभावकों के लिए भी कई मजेदार प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें उन्होंने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया. सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्कूल के निदेशक प्रधानाचार्य डॉ. जैकब दास के हाथों पुरस्कार प्रदान किए गए. अतिथियों ने भी विजेताओं को बधाई दी और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.. कार्यक्रम का संचालन ममता ददलानी और शीतल खोजरे के मार्गदर्शन में कक्षा 9 वीं (अ) की छात्रा देवश्री कुयाते और अदविका देशमुख ने किया. इसी प्रकार, भरत मोंढे और संगीता गावंडे ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक प्रतिक्रियाएं दी. कार्यक्रम के अंत में संगीता वानखड़े ने योगदान देने वाले सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद माना. कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के साथ हुआ. इस कार्यक्रम के लिए कला शिक्षिका भावना बारबड़े और कुछ छात्रों ने स्कूल को सुंदर क्रिसमस दृश्य और सुंदर हस्तशिल्पों की प्रदर्शनी से लगाई. प्रबंधन की ओर से अध्यक्ष पूरनलाल हबलानी ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी. शिवराम कृष्णा, रवि इंगले और पल्लवी ने भी शुभकामनाएं दीं.